दिनांक 02 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा, अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर होगा जवाहर नगर मुख्य मार्ग के पास का तिराहा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। 5 बजे से आहूत महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ! हाउसिंग बोर्ड पेट्रोल पंप रोड से कैलाश नगर जाने वाले मार्ग पर जवाहर नगर शराब भट्टी के पास मुख्य मार्ग पर तिराहा को अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर नामकरण करने सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई , बता दें कि वहां के समाज जनों एवं लोगों ने इसकी मांग की थी! बैठक में कुल 14 प्रस्ताव पर उपस्थित सदस्यों ने विस्तार पूर्वक चर्चा किये। महापौर परिषद के समक्ष बैठक में स्लाटर हाउस का आधुनिकीकरण एवं उन्नयन कार्य, भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत शासन द्वारा वितरित किए जा रहे पट्टे एवं पूर्व में वितरित पट्टे का नवीनीकरण कर पट्टे धारियों को दी जा रही मालिकाना हक के परिप्रेक्ष्य मे प्राप्त राशि एवं विभिन्न शुल्क को निगम भिलाई कोष में जमा कराए जाने के संबंध में , लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर के नाम से जवाहर नगर के पास मुख्य तिराहा का नामकरण किए जाने, पाइप लाईन संधारण कार्य सामग्री सहित, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिये संपत्तिकरण की दरें एवं जोन के वर्गीकरण निर्धारण, जोन में संचालित एसएलआरएम सेंटर के माध्यम से गीले एवं सूखे कचरे के पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद बनाने के संबंध में , जोन 01 के वार्ड क्रं. 1,2,3,4,69 एवं 70 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में , जोन 01 वार्ड क्रं. 5,6,7,8,9 एवं 12 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में, जोन क्रं. 02 के वार्ड क्रं. 10,11,13,14,15 एवं 16 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में, जोन क्रं. 02 के वार्ड 17,18,19,26 एवं 27 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में , जोन क्रं. 05 टाउनशिप के वार्डों में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में , जोन क्रं. 04 के वार्ड क्रमांक 28,29,35,36,37 एवं 38 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में, जोन क्रं. 04 के वार्ड क्रं. 30,31,32,33 एवं 34 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में , जोन क्रं. 03 के वार्ड क्रं. 20,21,22,23,24 एवं 25 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था जिस पर बैठक में उपस्थित महापौर एवं परिषद के सदस्यों द्वारा सभी विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल , लक्ष्मीपति राजू, जोहन सिन्हा, दिवाकर भारती, सूर्यकान्त सिन्हा, श्रीमती सुभद्रा सिंह, साकेत चंद्राकर, दुर्गा प्रसाद साहू, सुशीला देवांगन, सोसन लोगन, सदरीन बानो,

अधीक्षण अभियंता आरके साहू एवं सत्येंद्र सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी व तरुण पाल लहरें सहित जोन आयुक्त एवं विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।